# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जो भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा है । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में भी 01 जून 2017 से 15 जून 2017 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसकी औपचारिक शुरूआत संस्थान के निदेशक, डॉ॰ वी॰पी॰ तिवारी ने की ।



इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ॰ वी॰पी॰ तिवारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरम्भ किया गया एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ सुथरा करना है । यह अभियान महात्मा गाँधी के जन्म-दिवस 02 अक्तूबर 2014 को आरम्भ किया गया । महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था । उन्होने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय के स्वयं इस अभियान से जुड़ने तथा इसमें गहरी रूचि होने से स्वच्छता अभियान एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है तथा स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से लोगों में जिम्मेदारी की भावना आई । देश भर में लोग सक्रिय रूप से स्वच्छ भारत अभियान में शामिल हो रहे हैं और महात्मा गांधी का 'स्वच्छ भारत' का सपना अब साकार होता दिख रहा है । स्वच्छ भारत अभियान लोगों का जोरदार समर्थन पाकर 'जन आंदोलन' बन रहा है । आम नागरिक भी बड़ी संख्या में आगे आकर इस अभियान में जुड़ रहे हैं ।

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान संस्थान, संस्थान परिसर व आवासीय परिसर में संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई ।







**************